दैनिक भास्कर

नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़:सादाबाद में पुलिस-आबकारी की छापेमारी, 3 आरोपी गिरफ्तार; 200 लीटर से ज्यादा शराब जब्त

हाथरस के सादाबाद तहसील में पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई में एक बड़ी नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। सलेमपुर गांव में चल रही इस अवैध फैक्ट्री से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

कोतवाली सहपऊ पुलिस और आबकारी टीम ने छापेमारी में 12 लीटर कच्ची शराब, 15 लीटर बिना पैक की तैयार शराब और 185 पैक किए गए शराब के पाउच बरामद किए हैं के साथ शराब बनाने के लिए अल्कोहल और स्पीड लाने के लिए तथा शराब को बेचने के लिए प्रयुक्त किए जाने वाली ईको कार भी बरामद की है।

Source: https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/hathras/sadabad/news/fake-liquor-factory-busted-134473472.html